प्रादेशिक समाचार
दिनांक – 11.03.2026 (संध्या–1900 बजे)

मुख्य समाचार

1. विधानसभा में स्वास्थ्य विभाग का 79 अरब 90 करोड़ का बजट पारित; राज्य को मिलेंगे 8 नए मेडिकल कॉलेज, रांची के ब्राम्बे में खुलेगी मेडिकल यूनिवर्सिटी।
2. प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने इंडियन ऑयल के ल्यूब ब्लेंडिंग प्लांट किया राष्ट्र को समर्पित, कहा– इस संयंत्र से औद्योगिक विकास को मिलेगी नई गति।
3. झारखंड हाई कोर्ट ने ईडी अधिकारियों के खिलाफ दर्ज मामले की सीबीआई जांच का दिया आदेश, नई एफआईआर दर्ज कर अनुसंधान का दिया निर्देश।
4. मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की अध्यक्षता में कल होगी मंत्रिपरिषद की महत्वपूर्ण बैठक, राज्य के विकास से जुड़े कई अहम प्रस्तावों को मिल सकती है मंजूरी।

और

5. राष्ट्रीय पंचायत पुरस्कार के लिए नामित पाकुड़ की झीकरहुट्टी पंचायत का केंद्रीय टीम ने किया दौरा, विकास कार्यों की हुई सराहना।

*****************

विधानसभा में आज विपक्ष के बहिष्कार के बीच स्वास्थ्य विभाग का 79 अरब 90 करोड़ रुपये का बजट ध्वनिमत से पारित हो गया। चर्चा का जवाब देते हुए स्वास्थ्य मंत्री इरफान अंसारी ने राज्य में 8 नए मेडिकल कॉलेज और रांची के ब्राम्बे में मेडिकल यूनिवर्सिटी खोलने की घोषणा की। उन्होंने रिम्स–2 को एशिया का सबसे बड़ा अस्पताल बनाने का दावा किया।

*****************

इससे पहले नेता प्रतिपक्ष बाबूलाल मरांडी ने वित्तीय वर्ष 2026–27 के बजट को आंकड़ों का मायाजाल और कॉपी–पेस्ट बताते हुए कहा कि यह जनता की उम्मीदों के साथ छल है। नगरी क्षेत्र में जमीन अधिग्रहण का मुद्दा उठाते हुए मरांडी ने स्पष्ट किया कि वे आदिवासियों और किसानों की उपजाऊ जमीन बचाने के लिए किसी भी चुनौती का सामना करने को तैयार हैं। उन्होंने सुझाव दिया कि स्वास्थ्य मंत्री द्वारा घोषित रिम्स–2 का निर्माण खेती योग्य जमीन के बजाय दूर स्थित बंजर भूमि पर किया जाना चाहिए, ताकि किसानों की आजीविका सुरक्षित रहे।

*****************

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आज तमिलनाडु के चेन्नई स्थित मनाली में इंडियन ऑयल कॉर्पोरेशन के अत्याधुनिक ल्यूब ब्लेंडिंग प्लांट को राष्ट्र को समर्पित किया। लगभग एक हजार चार सौ नब्बे करोड़ रुपये की लागत से बने इस संयंत्र की वार्षिक क्षमता छह सौ बहत्तर हजार मीट्रिक टन है। इस अवसर पर प्रधानमंत्री ने कहा कि यह परियोजना पेट्रोलियम क्षेत्र में भारत की आत्मनिर्भरता को मजबूत करेगी और औद्योगिक विकास के साथ–साथ रोजगार के नए अवसर भी सृजित करेगी।

*****************

झारखंड उच्च न्यायालय ने आज ईडी अधिकारियों की याचिका पर बड़ा फैसला सुनाते हुए मामले की जांच सीबीआई को सौंप दी है। न्यायमूर्ति एस.के. द्विवेदी की अदालत ने सीबीआई को नई प्राथमिकी दर्ज कर अनुसंधान का निर्देश दिया। यह मामला रांची के एयरपोर्ट थाना के एक कांड से जुड़ा है, जिसमें पुलिस ने ईडी दफ्तर में छापेमारी की थी।

*****************

राज्य मंत्रिपरिषद की एक महत्वपूर्ण बैठक कल रांची के प्रोजेक्ट भवन में आयोजित की जाएगी। मंत्रिमंडल सचिवालय एवं समन्वय विभाग ने इस संबंध में आधिकारिक सूचना जारी कर दी है। मुख्यमंत्री की अध्यक्षता में होने वाली इस बैठक में राज्य के विकास से जुड़े कई अहम प्रस्तावों और जनकल्याणकारी योजनाओं को मंजूरी मिलने की संभावना है।

*****************

नीति आयोग ने आज नई दिल्ली में राजकोषीय स्वास्थ्य सूचकांक 2026 का दूसरा संस्करण जारी किया। इस रिपोर्ट में राज्यों की कर क्षमता को मजबूत करने और पूंजीगत खर्च की गुणवत्ता में सुधार लाने की सिफारिश की गई है। आयोग के उपाध्यक्ष सुमन बेरी ने कहा कि देश की विकास गति बनाए रखने के लिए राज्य स्तर पर राजकोषीय सुशासन अनिवार्य है। वहीं, सीईओ निधि छिब्बर ने जोर दिया कि क्षेत्रीय असमानताओं को कम करने और दीर्घकालिक विकास के लिए राजकोषीय सुगमता केंद्रीय महत्व रखती है।

*****************

राष्ट्रीय पंचायत पुरस्कार 2025 के लिए नामित पाकुड़ की झीकरहुट्टी पूर्वी पंचायत का आज केंद्रीय टीम ने निरीक्षण किया। भारत सरकार के सेक्शन ऑफिसर माणिकनंदन केपी और सलाहकार सम्पा बासु ने महिला सशक्तीकरण व इको–फ्रेंडली योजनाओं की सराहना की। टीम ने प्रोजेक्ट बदलाव की वीडियो प्रस्तुति देखी और लाभुकों के बीच परिसंपत्तियों का वितरण भी किया। केंद्रीय टीम ने पंचायत सचिवालय का दौरा कर वहां की अत्याधुनिक सुविधाओं का जायजा लिया। इस अवसर पर सम्पा बासु ने अधिकारियों और प्रतिनिधियों से ग्रामीण विकास को गति देने के लिए आपसी समन्वय के साथ कार्य करने का आह्वान किया।

*****************

राज्य के मनरेगा कर्मी कल से अनिश्चितकालीन हड़ताल पर जा रहे हैं। रांची के मोरहाबादी ऑक्सीजन पार्क में आज हुई प्रदेश कार्यकारिणी की बैठक में यह कड़ा निर्णय लिया गया। संघ के प्रदेश अध्यक्ष अनिरुद्ध पाण्डेय ने बताया कि तीन दिवसीय सांकेतिक हड़ताल के बाद भी सरकार की ओर से कोई ठोस पहल नहीं होने पर कर्मियों में भारी नाराजगी है। कर्मचारी लंबे समय से बकाया मानदेय, नियमितीकरण, समान वेतन और सामाजिक सुरक्षा जैसी बुनियादी मांगों को लेकर संघर्ष कर रहे हैं।

*****************

गुमला के बिशुनपुर में बच्चा चोरी के शक में एक महिला की पीट–पीटकर हत्या के मामले में पुलिस ने आज चार और आरोपियों को गिरफ्तार किया है। इस मामले में अब तक कुल आठ गिरफ्तारियां हो चुकी हैं। एसपी हारिस बिन जमां ने प्रेस कॉन्फ्रेंस कर लोगों से अफवाहों पर ध्यान न देने की अपील की है।

*****************

राजधानी रांची सहित राज्य के कई जिलों में हुई बारिश के कारण अधिकतम तापमान में दो से चार डिग्री की गिरावट दर्ज की गई है। मौसम विज्ञान केंद्र के अनुसार, राज्य में 17 मार्च तक गर्जन और वज्रपात के साथ बारिश की संभावना बनी रहेगी। विभाग ने इसे लेकर येलो अलर्ट जारी किया है। विशेषकर 16 मार्च को 30 से 40 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से तेज हवाएं चलने के आसार हैं।

*****************

राजधानी रांची के सरला बिरला विश्वविद्यालय परिसर में आज से नेशनल रैपिड एंड ब्लिट्ज चेस चैंपियनशिप शुरु हो गयी है। 13 मार्च तक चलने वाली इस राष्ट्रीय प्रतियोगिता में देशभर के लगभग 450 शीर्ष खिलाड़ी हिस्सा ले रहे हैं। उद्घाटन समारोह में रांची की मेयर रोशनी खलखो ने खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन किया।

********समाप्त*********